आक्रोश | निगम के दावों की खुल रही है पोल

पेयजल सप्लाई बाधित होने से बौखलाए आमजन

जबलपुर, नवभारत। शहर के पॉश एरिया नेपियर टाउन में स्थित दयानंद सरस्वती वार्ड में पिछले दो दिनों (24 अप्रैल की शाम और 25 अप्रैल की सुबह) से शुद्ध पेयजल की आपूर्ति की समस्या सामने आई थी। जिसके चलते वार्ड वासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। वार्ड वासियों ने बताया कि वार्ड में पेयजल की समस्या से संबंधित विभाग के अधिकारियों को शिकायत की गई थी। जिसके बाद शनिवार शाम को आपूर्ति बहाल हो सकी थी। जब फॉल्ट के बारे में नवभारत द्वारा पता किया गया तो जिम्मेदारों ने बताया कि नेपियर टाउन को पेयजल सप्लाई करने वाली भंवरताल टंकी की पाइप लाइन में एयर फंस जाने के कारण मोटर ठीक ढंग से काम नहीं कर रही थी। जिसे जल्द ही रिपेयर कर पेयजल की आपूर्ति बहाल कर दी गई थी।

पेयजल के लिए भटकना पड़ता हैं

एक ओर नगर निगम द्वारा 24 घंटे पेयजल सप्लाई संबंधी दावे किये जा रहे हैं तो वही दूसरी ओर

लोगों को दो दो दिन पानी नहीं मिल रहा है। खबर लिखे जाने तक वार्ड में पानी की आपूर्ति सुचारु नहीं हो सकी थी। जिससे वार्ड वासियों में काफ़ी रोष है। लोगों का कहना है कि संबंधित विभाग की लापरवाही के कारण लोगों को पानी की बूंद बूंद के लिए भटकना पड़ रहा है। मालूम हो कि दयानंद सरस्वती वार्ड में पिछले दो दिनों से पेयजल संकट बना हुआ था। लोगों के सामने पेयजल जुटाने की भारी परेशानी सामने आ रही है। लेकिन संबंधित विभाग का इस तरफ कोई ध्यान नहीं है। जिससे वार्ड वासी अपने को ठगा महसूस कर रहे हैं।

अक्सर होती रहती है समस्या

वार्ड के निवासी खुर्शीद, सत्यभान, मकसूद, अनुराग सहित कई लोगों ने बताया कि अक्सर दयानंद सरस्वती वार्ड में पेयजल संबंधी समस्या आती रहती है। वही वार्ड वासियों ने यह भी बताया कि घरों में पानी न आने की समस्या से सभी विभागीय अधिकारियों को अवगत कराया जा चुका है। लेकिन अधिकारी बस एक ही बहाना बनाते हैं कि जल्द ही समस्या को दूर कर दिया जाएगा। लेकिन वार्ड में पानी आपूर्ति की समस्या बरकरार है। लोगों का आरोप है कि संबंधित विभाग के अधिकारी लापरवाही कर रहे हैं और वार्ड में आने वाले स्वच्छ पेयजल की ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। ऐसे में उन्हें पैसों से टैंकर खरीदकर पानी पीना पड़ रहा है। वार्डवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द उनके वार्ड की पानी की आपूर्ति सुचारु रूप से नियमित कराई जाए।

कैसे चढ़ाए पानी ?

भीषण गर्मी से पहले शहर के कई इलाकों में पेयजल संकट गहरा गया है। वहीं दयानंद सरस्वती वार्ड के रहवासियों का कहना है कि नेपियर टाउन इलाके में ज्यादातर बड़े बड़े अपार्टमेंट बने हुए है। जिसमें पेयजल संकट के समय अपने घरों तक सिर्फ एक-एक डिब्बा ही शुद्ध पेयजल पहुंचाना किसी जंग जीतने के बराबर हो गया है। साबित हो रहा है। वार्डवासियों ने निगम से गुहार लगाई है कि जल्द ही लोगों की समस्याओं को दूर किया जाए।

इनका कहना है

पिछले दो दिनों से वार्ड में पेयजल संकट बना हुआ था। गर्मी के समय पीने का पानी उपलब्ध नहीं होने का कारण बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ता है। निगम को जल्द ही पेयजल सप्लाई की समस्या पर गहराई से काम करना चाहिए।

सत्यभान जायसवाल

गर्मियों को शुरू होते ही पानी का संकट शुरू हो गया है निगम को पहले से ही सारी व्यवस्थाएं पुख्ता करके रखनी चाहिए थी अभी तो सिर्फ शुरुआत है।

खुर्शीद अंसारी

लाइन में एयर फंसने के कारण पेयजल की आपूर्ति बाधित हुई थी जैसे ठीक कर लिया गया है।

कमलेश श्रीवास्तव
कार्य. यंत्री जल

खम्भे से गिरे कर्मचारी की मौत पर भड़का आक्रोश, चकाजाम

शव रखकर परिजनों ने किया प्रदर्शन, जिम्मेदारों पर एफआईआर, नौकरी, मुआवजे की मांग

जबलपुर। गोहलपुर थाना अंतर्गत इको सिटी में शुक्रवार दोपहर विद्युत पोल में चढ़कर सुधार कार्य कर रहे आउटसोर्स कर्मी की ऊंचाई से गिरने से हुई मौत के मामले में शनिवार को आक्रोश भड़क गया। आक्रोशित परिजनों ने आमखेड़ा रोड पर शव रखकर चक्काजाम कर दिया। गुस्साएं परिजनों का आरोप रहा कि बिना सुरक्षा उपकरण काम कराया जा रहा था जब वह चढ़कर लाइन ठीक कर रहे थे। इसी दौरान अचानक लाइन चालू हो गई थी जिससे करंट लगने से वे खंभे से नीचे गिर पड़े थे। परिजन दोषियों पर कार्रवाई, उचित मुआवजा और मृतक के बेटे को नौकरी देने की मांग पर अड़ गए। शव रखकर चक्काजाम किए जाने की सूचना मिलते ही पुलिस और बिजली विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और परिजनों को कार्रवाई का आश्वासन दिया। जिसके बाद परिजन माने और शव यात्रा मुक्तिधाम के लिए रवाना हुई।

क्या है मामला

विदित हो कि रंजीत कोरी पिता लल्लू कोरी 40 वर्षीय निवासी अमखेरा का पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के जबलपुर सिटी सर्किल के अंतर्गत उत्तर संभाग के अधारताल शिकायत केंद्र में आउटसोर्स कर्मी था। इको सिटी में लगे ट्रांसफार्मर में लगी एलटी केबल के जल गई थी। रंजीत कोरी को जूनियर इंजीनियर पुष्पजीत सिंह धुर्वे ने सुधार का कार्य सौंपा था। सुधार कार्य के पूर्व जूनियर इंजीनियर के द्वारा विद्युत आपूर्ति बंद कर दी गई थी। जेई के आदेश पर शुक्रवार दोपहर लगभग 1:30 बजे पोल पर चढकर सुधार कार्य कर रहा आउटसोर्स कर्मी रंजीत कोरी अचानक 10 फीट की ऊंचाई से जमीन पर आ गिरा, जिससे उसके सिर एवं हाथ में गंभीर चोट पहुंची और अत्यधिक खून बह गया था। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चिकित्सक ने रंजीत कोरी को मृत घोषित कर दिया था।

पीएम के बाद बढ़ा आक्रोश, परिजन बोले कैसे चालू हुई सप्लाई

शनिवार को पीएम के बाद परिजनों को शव मिला तो आक्रोश फैल गया। परिजनों ने चक्का जाम कर दिया। परिजनों का आरोप है कि विद्युत विभाग की लापरवाही के चलते घटना हुई है। बिना सूचना के लाइन चालू की गई। जिसके चलते करंट लग गया परिजन मांग कर रहते थे जिसने सुधार कार्य के दौरान बिजली सप्लाई चालू की उसके खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया जाए। इसके साथ ही बिजली विभाग मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा, बेटे को नौकरी दिया जाये। रंजीत बिना ग्लबस और सेफ्टी उपकरण के खंभे पर चढ़े थे ।

जनगणना ड्यूटी में उलझे शिक्षक व प्राचार्य, पढ़ाई पर हो रहा असर

नवभारत, जबलपुर। शहर के महाराजपुर स्थित एकीकृत शासकीय माध्यमिक शाला की प्राथमिक कक्षाओं में करीबन 200 छात्र अध्यनरत है। वहीं माध्यमिक वर्ग में यह संख्या 250 से 300 के बीच पहुंच चुकी है। लेकिन बढ़ती संख्या के मुकाबले सुविधाओं की कमी अब साफ नजर आ रही है। सबसे बड़ी समस्या इन दिनों भीषण गर्मी को लेकर सामने आई है। पर्याप्त कक्षाओं और पंखों की व्यवस्था न होने के कारण कई बच्चों को बरामदे या खुले स्थान पर बैठकर पढ़ाई करनी पड़ रही है। गर्मी के इस मौसम में यह स्थिति

बच्चों के स्वास्थ्य और पढ़ाई दोनों पर असर डाल रही है। वही पर्याप्त शिक्षकों की उपस्थिति न होना स्थिति को और गंभीर बना रहा है। शनिवार को नवभारत द्वारा की गई जांच पड़ताल में स्कूल की एक शिक्षिका ने बताया कि, जनगणना प्रशिक्षण के चलते इन दिनों न तो पर्याप्त शिक्षक उपलब्ध हैं और न ही प्राचार्य स्कूल में मौजूद रहती हैं। जिससे बच्चों की पढ़ाई में काफी गहरा असर पड़ रहा है।

मिल रहा है मिड डे मील!

यहां की हॉस्टल इंचार्ज ने बताया कि स्कूल में बच्चों को मिड-डे मील योजना के तहत भोजन मिलता है। भोजन दिन के हिसाब से तय रहता है। भीषण गर्मी और सीमित संसाधनों के बीच यही मिड-डे मील कई बच्चों के लिए सहारा बना हुआ है। अभिभावकों का कहना है कि कम से कम बच्चों को स्कूल में भोजन मिल जाता है, लेकिन अन्य सुविधाओं की कमी अब भी बड़ा चिंता का विषय बना हुआ है।

इनका कहना है

इस माध्यमिक शाला की एक निरीक्षण रिपोर्ट मंगवा लेता हूं। जो भी कमी होगी उसे पूरा करने का प्रायस किया जाएगा।

अरुण इंगले
संयुक्त संचालक

रादुविवि में प्रवेश प्रक्रिया हुई पूरी तरह ऑनलाइन

पिछले वर्षों की कमियों को दूर करने प्रक्रिया को किया सुव्यवस्थित

नवभारत, जबलपुर। रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर में शैक्षणिक सत्र 2026-27 की प्रवेश प्रक्रिया को अधिक सरल, पारदर्शी और छात्रहितैषी बनाने के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। शनिवार को आईक्यूएसी सभागार में आयोजित प्रवेश समिति की बैठक में कुलगुरु प्रो. राजेश कुमार वर्मा ने कहा कि नई व्यवस्था से पिछले वर्षों की कमियों को दूर कर प्रक्रिया को सुव्यवस्थित बनाया जाएगा। बैठक में प्रवेश समिति

संयोजक प्रो. सुरेन्द्र सिंह ने जानकारी दी कि इस वर्ष पूरी प्रवेश प्रक्रिया ऑनलाइन माध्यम से संपन्न होगी। अभ्यर्थी एमपी ऑनलाइन और ई-प्रवेश पोर्टल के जरिए घर बैठे आवेदन कर सकेंगे, जिससे समय और संसाधनों की बचत होगी।

तीन चरणों में होगा प्रवेश

कुलसचिव डॉ. रविशंकर सोनवाल ने बताया कि प्रवेश प्रक्रिया तीन चरणों में आयोजित की जाएगी। विश्वविद्यालय का पोर्टल केंद्रीय मंच के रूप में कार्य करेगा, जहां छात्र विभिन्न स्नातक और परास्नातक पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन कर सकेंगे।

नए प्रोफेशनल कोर्स भी शामिल

कुलगुरु प्रो. वर्मा ने बताया कि बीए, बीकॉम, बीएससी, एमए, एमएससी, एमकॉम, एमएसडब्ल्यू सहित सभी पाठ्यक्रमों के साथ नए प्रोफेशनल कोर्स, इंटीग्रेटेड प्रोग्राम, पीजी डिप्लोमा और डिप्लोमा को भी इस प्रक्रिया में शामिल किया गया है।

जल्द जारी होंगी तिथियां

विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार सीट मैट्रिक्स, पात्रता, शुल्क और प्रवेश तिथियां जल्द ही पोर्टल पर अपलोड की जाएंगी। व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश परीक्षा का कार्यक्रम भी अलग से घोषित किया जाएगा। अंतिम चरण सीएलसी राउंड के रूप में आयोजित होगा। डीसीडीसी प्रो. राकेश बाजपेयी ने बताया कि नए सिस्टम में सीट आवंटन को अधिक संतुलित और नियंत्रित बनाया गया है।

एम्बुलेंस ने रौंदा, विवाह समारोह से लौट रहे श्रमिक नेता की मौत

जबलपुर। खमरिया थाना क्षेत्र में शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात एक तेज रफ्तार एम्बुलेंस ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में ऑल इंडिया डिफेंस एंप्लाई फेडरेशन नेता और व्हीकल फैक्ट्री कार्य समिति के सचिव असीम दुबे की मौत गई।

जानकारी के अनुसार पिपरिया निवासी असीम दुबे (49) रांझी इलाके में एक विवाह समारोह में गए थे। बीती रात डेढ़ बजे वे अपनी बाइक से घर लौट रहे थे। खमरिया

अस्पताल तिराहे के पास शहडोल की ओर से आ रही एक अनियंत्रित एम्बुलेंस ने उनकी बाइक को सामने से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि असीम दुबे की मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर के बाद एंबुलेंस भी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे उतर गई और पेड़ से जा टकराई। एंबुलेंस चालक रहबर खान को भी चोट आई है। असीम दुबे की मौत की खबर फैलते ही डिफेंस संस्थानों और कर्मचारी यूनियनों में शोक की लहर दौड़ गई। असीम दुबे ऑल इंडिया डिफेंस एंप्लाई फेडरेशन की व्हीकल फैक्ट्री कार्य समिति के सचिव थे।

एक तो भीषण गर्मी ऊपर से घंटों लेट चल रही स्पेशल ट्रेनें

जबलपुर, नवभारत। भीषण गर्मी के बीच रेल यात्रियों की मुश्किलें थमने का नाम नहीं ले रही हैं जबलपुर से गुजरने वाली कई प्रमुख ट्रेनें गत दिवस शुक्रवार को 16 घंटे से भी ज्यादा की देरी से चल रही थी जिससे यात्रियों को गर्मी और उमस में लंबा इंतजार करना पड़ रहा था। स्टेशन पर हालात ऐसे हैं कि बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चों को सबसे ज्यादा परेशानी झेलनी पड़ रही है। रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए इस समर सीजन में हजारों स्पेशल ट्रेनें चला रहा है, लेकिन रेलवे का जो सुविधा प्रदान करने का उद्देश्य है, वह इसकी लेटलतीफी के चलते पूरा नहीं हो पा रहा है यात्रियों का कहना है कि रेल प्रशासन सिर्फ चलाने के लिए ही ट्रेनें नहीं चलाए, उसकी पंचुअलिटी पर भी खास ध्यान दिया जाए, तभी उसका उद्देश्य सार्थक हो सकेगा।

ये गाड़ियां शुक्रवार को रही घंटों लेट

- 05558 एलटीटी-रक्सौल 16.15 घंटा
- 01450 दानापुर-हडपसर 15.00 घंटा
- 05590 हडपसर-मुजफ्फरपुर 06.00 घंटा
- 01449 पुणे-दानापुर 3.30 घंटा
- 05791 किशनगंज-उधना 6.45 घंटा
- 03252 एसएमवीबी-दानापुर 10.20 घंटा
- 01044 समस्तीपुर-एलटीटी 13.45 घंटा

गाडियों के विलंब की टाइमिंग शुक्रवार की है। इसके समय में और भी ज्यादा बढ़ोत्तरी होने की संभावना बनी रहती है। ये गाड़ी जबलपुर के अलावा अन्य स्टेशनों पर कब आयेगी, किसी को कुछ नहीं पता, गंतव्य में कब पहुंचेगी, इसकी जानकारी भी किसे के पास नहीं है।

सटोरिया सतीश सनपाल के हलफनामे के सत्यापन के लिये मोहलत

आरोपी ने दुबई भारतीय दूतावास में पेश किया था वकालतनामा

जबलपुर। आईपीएल में सट्टा खिलाने के आरोप में फंसे सतीश सनपाल ने दुबई में भारतीय दूतावास से सत्यापन करवा कर हाईकोर्ट में अपना वकालतनामा पेश किया है। सरकार ने उक्त हलफनामें का सत्यापन कराने मोहलत मांगी। जस्टिस बीपी शर्मा की एकलपीठ ने सरकार को मोहलत देते हुए अगली सुनवाई 13 मई को निर्धारित की है।

मूलत- जबलपुर के रहने वाले सतीश सनपाल के खिलाफ आईपीएल में सट्टा खिलाने के आरोप में ओमती सहित अन्य थानों में एफआईआर दर्ज कराई गई है। फिलहाल दुबई में रहने के कारण सतीश की ओर से पॉवर ऑफ अटॉर्नी के माध्यम से उक्त प्रकरणों को निरस्त कराने हाईकोर्ट में पांच याचिकाएं दायर की गई। पिछली सुनवाई के दौरान सरकार ने आपत्ति उठाई थी कि पॉवर ऑफ अटॉर्नी के माध्यम से आपराधिक प्रकरण को निरस्त कराने याचिका दायर नहीं की जा सकती। सतीश की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता नमन नागरथ ने बताया कि उनके मुवक्किल ने दुबई में भारतीय दूतावास से वेरिफाई करवाकर हलफनामा भेजा है। यह दलील भी दी गई कि आवेदक पर उक्त आरोप 2022 में लगे हैं, जबकि वह पिछले छह सालों से दुबई में रह रहा है।

गालीगलौज व मारपीट पर कोर्ट उठने तक की सजा

प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी ऋचा बठेजा की अदालत ने गाली-गलौच व मारपीट के दो अलग-अलग मामलों में आरोपी जबलपुर निवासी सलीम अंसारी, हुसैन अंसारी, शब्बीर अंसारी और शकील अहमद व शोएब उर्फ सोनू का दोषी पाया। अदालत ने पांचों आरोपियों को कोर्ट उठने तक की सजा सुना दी। साथ ही जुर्माना भी लगाया।

अभियोजन की ओर से सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी अजीता सिंह बैस ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि गोहलपुर थानांतर्गत दोनों मामलों में आरोपियों ने मोहम्मद तारिक अंसारी और सिराजुद्दीन उर्फ कल्लू के साथ गाली-गलौच कर मारपीट की थी। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया था।

कार्क बार में पथराव, संचालक और कर्मचारियों पर हमला

जबलपुर। कोतवाली थाना अंतर्गत बल्देवबाग चौक के पास स्थित कार्क बार एण्ड रेस्टोरेन्ट में बीती रात पथराव के बाद हंगामा हुआ। बार के पीछे से पत्थर फेंकने की पूछताछ करने गए संचालक और उनके कर्मचारियों पर पड़ोसियों ने लोहे की रॉड और लात-घूंसों से हमला भी कर दिया। हमले में एक कर्मचारी के पैर में गंभीर चोट आई है। पुलिस के मुताबिक विजय नगर जेडीए विला निवासी प्रशांत उर्फ मोनू राय का बल्देवबाग चौक के पास कार्क बार एण्ड रेस्टोरेन्ट है। बीती रात करीब 9:30 बजे उनके बार के पिछले हिस्से में अचानक पत्थर फेंके गए। सुरक्षा की दृष्टि से उन्होंने अपने कर्मचारी रूपेश कोरी और सुरेश जयसवाल को पीछे के घरों में पूछताछ के लिए भेजा। जब कर्मचारी पीछे रहने वाले विकास उर्फ रिंकू ग्रोवर के घर के पास पहुंचे, तो वहां रिंकू और अमित द्विवेदी ने उनके साथ अभद्रता शुरू कर दी। विवाद इतना बढ़ा कि कर्मचारी अपनी एक्टिवा छोड़कर भाग निकले। इसके बाद जब संचालक प्रशांत राय खुद अपने साथियों के साथ बातचीत करने पहुंचे, तो आरोपियों ने उन पर हमला बोल दिया। शिकायत के अनुसार, रिंकू ग्रोवर और अमित द्विवेदी ने संचालक को घेरकर मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान रिंकू ने लोहे की रॉड से कर्मचारी रूपेश कोरी के पैर पर जोर से वार किया। शोर सुनकर रिंकू के चाचा विनोद ग्रोवर भी बाहर आ गए और तीनों ने मिलकर पीड़ितों को जमकर पीटा। जाते-जाते आरोपियों ने धमकी दी कि दोबारा घर आए तो जान से मार देंगे। पीड़ित पक्ष ने थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी रिंकू ग्रोवर, अमित द्विवेदी और विनोद ग्रोवर के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है ।

तीन सूने घरों के टूटे ताले, लाखों का माल ले उड़े चोर

गोराबाजार, अधारताल, बरेला में वारदात

जबलपुर। बेखौफ चोरों ने तीन सूने घरों में धवा बोलते हुए सोने चांदी के जेवरात, नकदी समेत लाखों का माल पार कर दिया। ये वारदातें अधारताल, गोराबाजार, बरेला थाना क्षेत्र में हुई है। अधारताल पुलिस के मुताबिक धनराज पटेल 49 वर्ष निवासी कृष्णा विहार कोलानी मैत्री नगर महाराजपूर ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि वह रेल्वे में नौकरी करता है। 22 अप्रैल की रात घर में ताला लगाकर उज्जैन गया था जहॉ से सुबह घर वापस लौटा तो बाउड्री वाल के गेट वं घर के दरवाजे का ताला टूटा हुआ था अंदर रखी अलमारियों खुली पडी थी जिसमें रखे नगदी 10 हजार रूपए, गुल्लक में रखे लगभग 5 हजार रूपए, एवं चांदी की 3 जोड बिछिया, 2 जोड पायल, चांदी के बर्तन, पुराने सिक्के, बेसलेट 3 चूडी गायब थी। अज्ञात चोर नगद 15 हजार एवं चांदी के बर्तन व जेवर चुरा ले गया है। इसी प्रकार बरेला थाने में शेष नारायण दुबे 60 वर्ष निवासी डुण्डी बरेला ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि वह किराना दुकान चलाता है, भतीजे की शादी में परिवार सहित जबलपुर घर में ताला लगाकर गया था। जब घर आया तो देखा कि दरवाजे का कुंदा टूटा हुआ था सामान फैला हुआ था अलमारी में रखे सोने चांदी के जेवरात, नगद डेढ़ लाख गायब थे। सीसीटीव्ही में दो चोर चोरी करते दिख रहे है। इसी प्रकार गोराबाजार थाने में छोटू सोंधिया 23 वर्ष निवासी राजुल टाउन शिप ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि वह चग्गर फार्म में हितेन्द्र सिंह के घर मे खाना बनाने का काम करता है। घर में ताला लगाकर वह एवं उसकी पत्नि उषा सोधिया हितेन्द्र सिंह के मकान में काम करने चले गये थे। शनिवार सुबह 06 बजे अपने घर लोबो कालोनी राजुल टाउन सिप आये तो देखा की घर का मेन दरवाजा का ताला एव कुंदा टुटा हुआ था। अलमारी में रखे जेवरात गायब थे।

संजीवनी नगर से ई रिक्शा चोरी

संजीवनी नगर थाने में विभा पाण्डे निवासी जोशी मोहल्ला गढा पुरवा ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि उसके नाम से एक ई-रिक्शा क्रमांक एमपी 20 जेड एच 5923 है, जिसको पति रामू पांडे चलाते है। जिसे साई परिसर में खडा कर लॉक कर दिए थे। जिसे अज्ञात चोर चुराकर ले गए ।

दिशा बैठक | दिशा बैठक में हुई विकास कार्यों की समीक्षा, सांसद ने दिए निर्देश

जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय बनाकर कार्य करें : सांसद

नवभारत,जबलपुर। सांसद आशीष दुबे की अध्यक्षता में जिला समन्वय एवं निगरानी समिति 'दिशा' की बैठक कलेक्टर सभागार में आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल, बिजली, कृषि, सड़क, नगरीय विकास और यातायात जैसे प्राथमिकता वाले विषयों की विस्तृत समीक्षा की गई। सांसद ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय बनाकर कार्य करें और जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने यातायात व्यवस्था, सड़क सुधार, पेयजल संकट और किसानों से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता देने पर जोर दिया।

शहपुरा ब्रिज क्षति का उठा मुद्दा

विधायक अजय विश्नोई ने 108 एम्बुलेंस की उपलब्धता सुनिश्चित करने, शहपुरा ब्रिज क्षति के कारण पाटन मार्ग पर बढ़ते दबाव को सुधारने और फसल बीमा का लाभ सभी पात्र किसानों तक पहुंचाने की बात कही। साथ ही लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट और स्वास्थ्य सेवाओं में स्टाफ की कमी दूर करने पर भी जोर दिया।

कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए निर्देश

बैठक में अमृत परियोजना, जल जीवन मिशन, आयुष्मान कार्ड, टीकाकरण, ट्रैफिक व्यवस्था, उर्वरक वितरण और विद्युत-नहर रखरखाव जैसे विषयों पर भी प्रस्तुतियां दी गईं। अंत में कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि बैठक में उठाए गए मुद्दों पर प्राथमिकता से कार्रवाई सुनिश्चित की जाए और किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

सूख गए हैंडपंप, बरगी डैम में रिसाव की समस्या

विधायक सुशील तिवारी 'इंदु' ने पाइपलाइन से पहले पानी की टंकी निर्माण, नालों के पक्कीकरण, बायोमैट्रिक प्रणाली में वृद्धजनों के लिए विकल्प तथा अतिक्रमण रोकने की आवश्यकता बताई। उन्होंने सूख चुके हैंडपंपों के स्थान पर जल व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की। विधायक नीरज सिंह ठाकुर ने उपार्जन केंद्रों को सुविधाजनक स्थानों पर स्थापित करने, बरगी डेम में रिसाव की समस्या के समाधान और राजस्व प्रकरणों के समयबद्ध निराकरण पर जोर दिया। वहीं विधायक संतोष बरकड़े ने छीताखुदरी के विस्थापितों को मुआवजा व पानी की सुविधा देने तथा स्थानीय मछुआ समितियों को सशक्त बनाने की बात रखी। नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज ने भी पेयजल व्यवस्था को लेकर सुझाव दिए।